
# हिंदी दिवस

## चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश के **मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने **हिंदी दिवस** पर अपने **वक्तव्य** में हिंदी को **एकता**, **संस्कृति** और **राष्ट्रीय पहचान** का प्रतीक बताया।

## मुख्य बिंदु

- **हिंदी दिवस के विषय में:**
    - यह दिवस **संविधान सभा** के वर्ष 1949 के उस निर्णय की स्मृति में मनाया जाता है, जिसमें देवनागरी लिपि में हिंदी को भारत संघ की **राजभाषा** घोषित किया गया था।
    - यह निर्णय **मुंशी-अयंगर फार्मूले** के आधार पर लिया गया था, जिसके तहत **अनुच्छेद 343** के अंतर्गत हिंदी को अपनाया गया, साथ ही अंग्रेज़ी को 15 वर्षों तक राजकीय कार्य हेतु जारी रखने की अनुमति दी गई।
    - 15 वर्ष की अवधि समाप्त होने के बाद हिंदी लागू किये जाने के विरोध में आंदोलन हुए, जिसके परिणामस्वरूप **राजभाषा अधिनियम, 1963** पारित किया गया, जिसके तहत यह सुनिश्चित किया गया कि हिंदी के साथ-साथ अंग्रेज़ी भी आधिकारिक भाषा बनी रहेगी।
- **संवैधानिक स्थिति:**
    - हिंदी को **संविधान की 8वीं अनुसूची** में सूचीबद्ध किया गया है, जिसमें राजकीय प्रयोग के लिये मान्यता प्राप्त 22 भाषाएँ शामिल हैं।
    - 'हिंदी' शब्द की उत्पत्ति फारसी शब्द **'हिंद'** से हुई है, जिसका अर्थ है **'सिंधु नदी की भूमि'** और यह भाषा **संस्कृत** से विकसित हुई है।
    - **अनुच्छेद 210** में प्रावधान किया गया है कि किसी राज्य की विधायिका में प्रयुक्त की जाने वाली भाषा राज्य की **राजभाषा**, **हिंदी या अंग्रेज़ी** हो सकती है।
    - **अनुच्छेद 351 के अनुसार,** संघ का कर्त्तव्य है कि वह हिंदी भाषा का प्रचार-प्रसार करे तथा उसे इस प्रकार विकसित करे कि वह भारत की **समृद्ध संस्कृति** के सभी तत्त्वों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बन सके।
- **महत्त्व:**
    - हिंदी **60 करोड़ से अधिक वक्ताओं** के साथ **विश्व की तीसरी** सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है और **भारत में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है।**




**नोट:**

- **वशि्व हदिी दविस** अंतर्राष्ट्रीय मंच पर हदिी की उपस्थतिि को सशक्त बनाने के उद्देश्य से **प्रतविर्ष 10 जनवरी** को मनाया जाता है।
- यह दनि उस ऐतहिासकि क्षण की स्मृतमिें मनाया जाता है जब वर्ष 1949 में पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) में हदिी का प्रयोग हुआ।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hindi-diwas-4